# समाचार

## वार्ड क्र. 04 में मणिकंचन केन्द्र व सार्वजनिक मंच जनसेवा में समर्पित

### (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल व नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया लोकार्पण)






कोरबा 05 दिसम्बर 2017 —नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती में नवनिर्मित मणिकंचन केन्द्र (एस. एल.आर.एम.सेंटर) एवं इसी वार्ड में प्रताप कुंआ के पास निर्मित सार्वजनिक मंच को आज जनसेवा में समर्पित किया गया, वहीं वार्ड क्र. 04 में ही नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केन्द्र का शुभारंभ भी कराया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शुभारंभ उनके द्वारा किया गया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती में 28 लाख 71 हजार रूपये की लागत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत मणिकंचन केन्द्र का निर्माण कराया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती प्रताप कुंआ के पास 04 लाख 41 हजार रूपये की लागत से सार्वजनिक मंच निर्मित किया गया है। निगम द्वारा वार्ड क्र. 04 में ही 24 लाख 83 हजार रूपये की लागत से उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण भी कराया गया है। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा इन महत्वपूर्ण विकास कार्यो का लोकार्पण व शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि पुरानी बस्ती कोरबा में मणिकंचन केन्द्र के शुरू हो जाने से इस क्षेत्र में संग्रहित कचरे के समुचित निष्पादन की व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी तथा केन्द्र में कार्य करने वाले स्वसहायता समूह के सदस्यों व सफाईमित्रों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। उन्होने कहा कि सार्वजनिक मंच के निर्माण से यहां के निवासियों को अपने सार्वजनिक आयोजनों हेतु स्थान सुलभ हुआ है, वहीं उपस्वास्थ्य केन्द्र के शुभारंभ से पुरानी बस्ती के निवासियों को चिकित्सा सुविधा सुगम रूप से प्राप्त हो सकी है। उन्होने कहा कि निगम द्वारा क्षेत्र की जनता की मंशा के अनुरूप निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं, निगम क्षेत्र का तेजी से विकास कार्य हो रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

<u>विकास को मिली अपेक्षित गति, दूर हुई समस्याएं</u>— कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अगुवाई में निगम द्वारा व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए गए हैं, जो अभी भी निरंतर जारी हैं, इससे विकास को अपेक्षित गति व उचित दिशा मिली है, जनसमस्याएं दूर हुई हैं तथा सुविधाएं बढ़ी हैं। उन्होने कहा कि आज पुरानी बस्ती कोरबा में मणिकंचन केन्द्र का लोकार्पण किया गया है, निगम क्षेत्र में अभी तक 08 मणिकंचन केन्द्र प्रारंभ किए जा चुके हैं तथा

विभिन्न स्थानों पर अभी और भी मणिकंचन केन्द्र प्रारंभ होने जा रहे हैं। उन्होने कहा कि नगर के सर्वागीण विकास के साथ–साथ यहां की साफ–सफाई व्यवस्था में अभूतपूर्व बदलाव आया है, व्यवस्था बेहतर हुई है तथा इसे और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य जारी हैं। उन्होने कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के लगभग तीन वर्षो के कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यो व प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि क्षेत्र की जनता ने जिस आशा व विश्वास के साथ महापौर को निगम की कमान सौपी थी, जनता के उस विश्वास पर महापौर पूरी तरह से खरी उतरी हैं। विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि पुराने कोरबा शहर क्षेत्र में उद्यानों की कमी थी तथा यहां के नागरिकबंधु काफी समय से उद्यानों के निर्माण की मांग करते रहे हैं। मुझे प्रसन्नता है कि आमजन की मंशा के अनुरूप महापौर के द्वारा पुराने कोरबा शहर क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्र. 04, वार्ड क्र. 08, वार्ड क्र. 10 एवं वार्ड क्र. 12 में सर्वसुविधायुक्त उद्यानों के निर्माण का कार्य कराया जाना है, जिसकी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होंगे।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी एवं सीताराम चौहान, पार्षद मनीष शर्मा, गीता महंत, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल एवं तारादेवी ठाकुर, दुकालू श्रीवास, छबि वाल्मिकी, संतोष लांझेकर, फारूख मेमन, कन्हैया सोनी, अजीन कुरैशी, हारून मेमन, राजेन्द्र मण्डल, शाहिदा कुरैशी, रवि खुंटे, संजय भण्डारी, इतवारी जायसवाल, अमरनाथ साहू, समशेर अली, हरीशचन्द्र ठाकुर, संजय श्रीवास्तव, शाहिद खान, ज्योति वैष्णव, चन्द्रिका बंजारे, ममता गुप्ता, शमीम बानो, शहनाज खान आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।